संत स्कूल धुर्वा, राँची

कक्षा - **2** विषय - हिंदी

<u>मॉडल उत्तर</u>

<u>बीरबल की खिचड़ी</u>

शब्दार्थ

विद्वान - बहुत पढ़ा लिखा रत्न- नगीना
बुद्धिमान - समझदार किस्सा - कहानी
प्रसिद्ध - मशहूर मोहरें - सोने के सिक्के
हकदार - अधिकार रखने वाला हाँडी - मिट्टी का एक बर्तन
तपाक - झट

प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

क) बीरबल कौन था?
उत्तर- बीरबल बादशाह अकबर के नौ रत्नों में से एक थे।
ख) किसान रात भर कहाँ खड़ा रहा ?
उत्तर- रात भर यमुना नदी के ठंडे पानी में खड़े रहा।
ग) किसान को इनाम क्यों नहीं मिला ?
उत्तर- बादशाह अकबर को लगा कि किसान को महल के दीपक से पूरी रात गरमी मिलती रही और वह इनाम का हकदार नहीं है ,इसलिए किसान को इनाम नहीं मिला ।
घ) बीरबल के घर जाकर अकबर ने क्या पूछा ?
उत्तर- बीरबल के घर जाकर अकबर ने आग से बहुत ऊपर लटकती हुई हाँडी को देखकर पूछा कि भला यह दाल कैसे पक सकती है हाँडी तो आग से बहुत दूर है।

प्रश्न**)** सही शब्द चुनकर वाक्य में लिखिए**:-**

क)अकबर के दरबार में <u>नौ</u> रत्न थे।
ख) बीरबल बहुत <u>बुद्धिमान</u> था ।
ग) अकबर ने किसान को <u>सोने</u> की मोहरे दीं।

<u>अपराजिता हिंदी व्याकरण तथा रचना</u>

पाठ**-6 (**लिंग**)**

अभ्यास **:-**

प्रश्न**1)**दिए गए शब्दों में से पुल्लिंग और स्त्रीलिंग शब्द अलग करके लिखिए**:-**

उत्तर-

पुलिंग	स्त्रीलिंग
मोर	मोरनी
मुरगा	मुर्गी
भाई	बहन
साँप	साँपिन
मौसा	मौसी
चूहा	चुहिया

प्रश्न **2)** रंगीन शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य दोबारा लिखिए :-

क) <u>माताजी</u> खाना पका रही हैं- <u>पिताजी</u> खाना पका रहे हैं ।
ख) <u>नौकर</u> झाड़ू दे रहा है - <u>नौकरानी</u> झाड़ू दे रही है।

ग) गायक संगीत गाता है - गायिका संगीत गाती है।
घ) पेड़ पर बंदर बैठा है - पेड़ पर बंदरिया बैठी है।
ङ) चाचा जी खिलौना लाए हैं - चाची जी खिलौना लाई हैं ।

प्रश्न **3)** रंगीन शब्दों के लिंग बदलकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:-

क) दादा जी के साथ दादी जी भी बाजार गई हैं।
ख) धोबी कपड़े धो रहा है और धोबिन कपड़े सुखा रही है।
ग) राजा और रानी मिलकर दान दे रहे हैं।
घ) बहन ने भाई को राखी बाँधी।
ङ) माली पौधे लगा रहा है और मालिन उन्हें पानी दे रही है।

प्रश्न **4)** सही शब्द लिखकर वाक्य पूरा कीजिए:-

क) राम ने लड्डू खाया।
ख) माँ ने सुंदर साड़ी पहनी।
ग) यह मेरी किताब है।
घ) मुन्ना गन्ना चूसता है।
ङ) रानी राजमहल में रहती है।

प्रश्न **5)** पुल्लिंग शब्दों के सही स्त्रीलिंग शब्द पर सही का निशान लगाइए :-

क) बूढ़ा - बुढ़िया
ख) शिष्य - शिष्या
ग) सेठ - सेठानी

--××××--